28.09.2024 आकाशवाणी भोपाल 7.10pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में उर्वरक की कालाबाजारी करने वालों पर होगी कठोर कार्रवाई, कहा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में करेंगे अपने विचार साझा ।
- राज्य में आज से 02 अक्टूबर तक 'जल हमारा–जीवन धारा' थीम पर चलाया जा रहा है सुजल शक्ति अभियान।
- अगले 24 घंटों में प्रदेश के कुछ जिलों में तेज बारिश का अलर्ट

## मुख्यमंत्री उर्वरक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उर्वरक की कालाबाजारी करने वालों पर कठोरतम कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि मांग बढ़ने पर कालाबाजारी, अवैध भंडारण और नकली उर्वरक निर्माण की संभावना रहती है। डा यादव ने कहा कि उर्वरक के अवैध परिवहन पर नियंत्रण के लिए एक जिले से दूसरे जिले में उर्वरक मूवमेंट पर भी सतत् निगरानी रखी जाये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज भोपाल में सोयाबीन उपार्जन, खाद उपलब्धता और वितरण की वीडियो–कान्फ्रेंसिंग में ये निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित किया जाए साथ ही किसानों को आवश्यकतानुसार डीएपी के स्थान पर एनपीके, लिक्विड नैनो यूरिया के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए ज्यादा से ज्यादा जानकारी दी जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्टरों को निर्देशित किया कि राजस्व अमला जनप्रतिनिधियों के साथ फसलों की क्षति आंकलन सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अमानक स्तर का खाद–बीज विक्रय, भंडारण और परिवहन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मन की बात कार्यक्रम की 114वीं कड़ी होगी। श्री मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद यह मन की बात का चौथा कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और **newsonair** मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधे प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में इसे प्रसारित करेगा।

## मोदी सरकार के सौ दिन

केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिन पूरे हो गए हैं। इन सौ दिनों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली है। आदिवासी बाहुल्य बालाघाट जिले में इन्फ्रास्ट्रक्चर काफी तेजी से विकसित हुआ है। बालाघाट में सड़क, बड़े पुल,ओवर ब्रिज,रेल कनेक्टविटी में काफी प्रगति देखने को मिली है। बालाघाट जिले के अभय कोचर ने बताया कि लोगों को आवागमन,रोजगार सहित अन्य सुविधाओं का काफी लाभ मिल रहा है।

## स्वच्छता अभियान

आकाशवाणी भोपाल में स्वच्छता ही सेवा अभियान और एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत अनेक गतिविधियां संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत आज नगर निगम महापौर मालती राय ने कार्यालय परिसर और आकाशवाणी कॉलोनी में स्वच्छता अभियान की शुरुआत की. इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य भोपाल शहर को स्वच्छता में अग्रणी बनाना हैं । इस दौरान उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत आकाशवाणी परिसर में पौधारोपण किया।

## जल जीवन मिशन

प्रदेश में जल जीवन मिशन के सफल क्रियान्वयन एवं ग्रामीणों में नल जल योजनाओं के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से आज से 02 अक्टूबर तक 'जल हमारा–जीवन धारा' थीम पर "सुजल शक्ति अभियान'' चलाया जा रहा है। इस अभियान में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामीण विकास विभाग के साथ अन्य विभागों के समन्वय से ग्राम में जल के प्रति जागरूकता लाने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। अभियान में नल–जल योजना क्रियान्वित होने वाले चिन्हित ग्राम में योजना की निगरानी के लिए गठित की गई ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि, शिक्षक, स्व–सहायता समूह एवं गैर सरकारी संगठनों के द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। नल जल योजनाओं के संचालन में उत्कृष्ट सेवा देने वाले ग्रामवासियों को मेडल, प्रशस्ति–पत्र देकर सम्मानित भी किया जायेगा।

## मुख्यमंत्री इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर में माननीय न्यायाधीशों के लिए बौद्धिक संपदा पर आयोजित संगोष्ठी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2016 में पहली बार न्याय संपदा की नीति बनाकर हम सभी को आगे बढ़ने का मार्ग दिखाया। संगोष्ठी में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार माहेश्वरी, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सतीश कुमार कैत, न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा और अन्य न्यायाधीशगणों ने सहभागिता की। इस अवसर पर नवाचारों के साथ बौद्धिक संपदा अधिकारों के संरक्षण.संवर्धन और प्रभावी कार्यान्वयन पर विस्तार से सार्थक विमर्श हुआ। संगोष्ठी से निकले विचार और निष्कर्ष न केवल बौद्धिक संपदा अधिकारों के क्षेत्र में नीतिगत निर्णयों और कानूनी ढांचे को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होंगे, बल्कि समाज के सभी वर्गों में इन अधिकारों के प्रति समझ विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## मौसम

प्रदेश के कई जिलों में बारिश का सिलसिला जारी है। कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने बताया कि प्रदेश में मानसून ट्रफ, साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से बारिश का दौर चल रहा है। राज्य के पश्चिमी हिस्से में सिस्टम का असर है। यह सिस्टम आगे बढ़ेगा इसलिए अगले 24 घंटे में कुछ जिलों में बारिश का दौर रहेगा। मौसम विभाग ने शिवपुरी, गुना और निवाड़ी में अगले 24 घंटे में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर–जबलपुर में बूंदाबांदी के आसार हैं। शुक्रवार को इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, जबलपुर, रीवा, सागर और ग्वालियर संभागों के जिलों में बारिश हुई। बारिश की वजह से प्रदेश के बांध

और तालाब फिर छलक उठे हैं। इस सीजन में प्रदेश के करीब ढाई सौ में से 200 बांध लबालब हो चुके हैं। बरगी, बाणगंगा, ओंकारेश्वर, इंदिरा सागर, तवा, कलियासोत, केरवा, भदभदा समेत कई बांध ऐसे हैं, जिनके गेट सीजन में 6 से 10 बार या इससे अधिक खुल चुके हैं।

क्रिकेट भारत–बांग्लादेश

भारत और बांग्लादेश के बीच कानपुर में खेले जा रहे दूसरे और अंतिम टेस्ट में आज दूसरे दिन का खेल वर्षा के कारण रद्द कर दिया गया है। कल मैच के पहले दिन बांग्लादेश ने 3 विकेट पर 107 रन बनाये थे। लेकिन उसके बाद खराब मौसम के कारण मैच आगे शुरू नहीं हो सका। भारत वर्तमान श्रृंखला में एक–शून्य से आगे है।

समाचार संक्षेप में .....

- सीहोर जिले में बालिकाओं और महिलाओं के प्रति क्रूरता को रोकने और उसकी गतिविधि की निगरानी एवं पर्यवेक्षण के लिए जिला टास्क फोर्स का गठन किया गया है।
- खंडवा जिले में स्वच्छ भारत महाअभियान के तहत विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है ।
- सामाजिक न्याय एवम दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आगरमालवा में आयोजित किये गये दिव्यांगजन चिन्हांकन शिविरों में 268 दिव्यांगों का चिन्हांकन किया गया।
- वरिष्ठजनों को आत्म सम्मान देने के लिये प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी 1 अक्टूबर को नर्मदापुरम जिले में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन किया जाएगा।
- कटनी में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार की स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।
- अनूपपुर जिले में खरीफ 2024 ई–उर्पाजन पोर्टल पर सोयाबीन फसल का पंजीयन 20 अक्टूबर तक किया जायेगा।
- राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के अन्तर्गत एक अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जिला चिकित्सालय नीमच में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है।
- छतरपुर जिले में आगामी पर्व को दृष्टिगत रखते हुए शांति, सुरक्षा, एवं कानून व्यवस्था के परिपेक्ष्य में पुलिस द्वारा बलवा परेड का आयोजन किया गया।
- बिलासपुर–कटनी सेक्शन के बीरसिंगपुर स्टेशन को तीसरी लाइन से जोड़ने के लिए यार्ड रिमॉडलिंग का कार्य 11 अक्टूबर तक चलेगा।

-------------------